संशोधित प्रेस–विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद–अमरोहा **परीक्षा का नाम–लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या–281/भूलेख– 2015–16 **दिनांक 03 जुलाई 2015**

आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ के पत्र संख्या–डब्लू–52/4–34ए /2013 दिनांक 29.06.2015 के अनुपालन में राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 हेतु इस जनपद से पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–260 / भूलेख दिनांक 18.06.2015 के कम में संशोधित विज्ञप्ति को निम्नवत पढ़ा जाय ।

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि– **22 जुलाई 2015**

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि– **21 जुलाई 2015**

प्रतियोगात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑन लाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है । लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है । परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाइन प्राप्त किया जा सकता है ।

रिक्तियों का विवरण

कम	पदनाम	दिनांक 01.7.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000)	159	93	30	03	33	माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1– प्रादेशिक सेना में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2– राष्ट्रीय कैडेट कौर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवानियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा ।

क्रमशः..............2 पर

2– दिनांक 01.7.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो । आयु सीमा के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सेवाओं में भर्ती (आयु सीमा) नियमावली–1972 यथा संशोधित–2012 एवं वर्तमान में प्रभावी नियमों में उल्लिखित व्यवस्थानुसार छूट प्रदान की जायेगी । रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा । इसी प्रकार क्षेतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा ।

3– ऑनलाइन फार्म दिनांक 22.7.2015 तक जमा किये जा सकेंगें । अनारक्षित (सामान्य) और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/– (+ बैंक प्रभार अरिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/– (+ बैंक प्रभार अरिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख आन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा ।

4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी । परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा ।

5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा । परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारो को ई– प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बैबसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की बैबसाइट amorha.nic.in पर उपलब्ध होगा ।

6– ऑनलाइन आवेदन का प्रारूप, ऑफलाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश, अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद की बैबसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की बैबसाइट amroha.nic.in पर उपलब्ध होगा ।

7– लेखपाल भती परीक्षा–2015 के सम्बन्ध में पूर्व में दिनांक 18.06.2015 को जारी विज्ञाप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार (Submit) किये जा चुकें हैं, उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क/फार्म नहीं भरे जायेंगे । उनका अभ्यर्थन इस नई विज्ञाप्ति के लिए भी मान्य होगा ।

अध्यक्ष चयन समिति/जिलाधिकारी
अमरोहा